वीडी शर्मा के लिए जनसंपर्क में जुटे भाजपाई

विकसित भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने जनता से मांगा आशीर्वाद

सच संवाददाता || कटनी

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विष्णु दत्त शर्मा के लिए जनता से पुन: आशीर्वाद के लिए पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों का जनसम्पर्क जारी है। जनसंपर्क संपर्क के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक संदीप जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, जनसंपर्क प्रभारी रवि खरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने आज वेंकट वार्ड, राजीव गांधी वार्ड,अम्बेडकर वार्ड में जन जन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने कटनी खजुराहो लोकसभा से उर्जावान प्रत्याशी वीडी शर्मा को पुन: ऐतिहासिक मतों की विजय के साथ संसद भेजने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जनों ने बीते 10 सालों में केंद्र की सरकार के ऐतिहासिक निर्णायक फैसलों के बारे में जनता से संवाद किया।

भाजपा नेताओं ने 26 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने की अपील मतदाताओं से की जनसंपर्क के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, विधानसभा संयोजक रणवीर कर्ण, मंडल अध्यक्ष मनीष दुबे, पार्षद बीना बैनर्जी, वरिष्ठ नेत्री शकुंतला गौतम, वेंकटेश मिश्रा, कौशलेश मिश्रा, शांतनु दत्ता, दिनेश भदौरिया, संकल्प अग्रवाल, मनोज बाझल, प्रदीप उपाध्याय, अमन खटीक, रुद्र श्रीवास, विपिन बिलौहा, भरत नामदेव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहें।

बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

शाजापुर। एबी रोड स्थित फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के सामने शुक्रवार दोपहर को दो बाईको की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें ऑटो रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां सभी का उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम छापेड़ा जिला राजगड़ से सांपखेड़ा शादी समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुगन बाई राठौर अपने बेटे मांगीलाल राठौर और एक बच्चे के साथ आ रहे थे। इसी दौरान तराना से सारंगपुर की ओर शुभम नायक अपने एक दोस्त के साथ जा रहा था। जब दोनो वाहन सवार फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे तो दोनो की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाईक सवार चारो लोग घायल हो गए। वहीं दोनो बाईक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इधर घायलों को आसपास के लोगों ने संभाला और उपचार के लिए ऑटो के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दोनो मोटर साइकिलों को कोतवाली थाना परिसर में खड़ा किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

सच संक्षेप

नामांकन में शामिल हुए कार्यकर्ता

मण्डीदीप। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन रहा। जिसमें भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम शिवराज सिंह चैहान ने विदिशा-रायसेन लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मंडीदीप मंडल के सभी कार्यकर्ता भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में रायसेन पहुंचे और वहां लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के नामांकन सभा तथा रोड शो में शामिल हुए। इस अवसर पर राजेंद्र अग्रवाल बबलू भैया, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, जीवन सिंह पाल, प्रेम शंकर साहू, मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ,महामंत्री अमित जैन, महामंत्री राजेश भदरे, उपाध्यक्ष जयपाल राजपूत, जयसिंह मीणा, अभिसेक परमार अर्जुन मीणा, मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय बदला

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेशानुसार आंगनवाडी केन्द्रों का संचालन प्रातः 09 बजे से सायं 04 बजे नियत किया गया था। चूकि मौसम परिवर्तन एवं परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए एवं भीषण गर्मी के कारण आंगनवाडी केन्द्रों का समय प्रातः 08 बजे से 03 बजे तक नियत किया गया है। उक्त आदेश जारी दिनांक से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

प्रशिक्षण 27 से

शिवपुरी। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों के मतदान दलों में संलग्न कर्मचारियों का प्रशिक्षण 27 से 29 अप्रैल तक शिवपुरी शहर में विधानसभावार बनाए गए प्रशिक्षण केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर समस्त व्यवस्थाए सुनिश्चित करें। विधानसभा 23 कदैरा के लिए शासकीय कन्या शिक्षा परिसर मेडीकल कॉलेज के पास शिवपुरी, विधानसभा 24 पोहरी के लिए शासकीय मॉडल उ.मा.वि. मेडीकल कॉलेज के पास , विधानसभा 25 शिवपुरी के लिए शासकीय उ.मा.वि.क्र.1 एवं 2, विधानसभा 26 पिछोर के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज छत्री रोड शिवपुरी, विधानसभा 27 कोलारस के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी निर्धारित किए गए है।

नामांकन दाखिल

शाजापुर। लोकसभा निर्वाचन-2024 के संदर्भ में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 21-देवास (अ.जा.) के लिए शुक्रवार को एक अभ्यार्थी राजेन्द्र राधाकिशन द्वारा इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है।

पुष्पांजलि अर्पित

शिवपुरी। भारत विकास परिषद शाखा वीर तात्या टोपे ने अमर शहीद वीर तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर उनके बलिदान स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को अमन शहीद तात्याटोपे समाधि स्थल पर मेला आयोजित किया जाता है। जिसमें सेना के जवानों द्वारा उनको गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाते हैं। भारत विकास परिषद शाखा वीर तात्या टोपे द्वारा भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम समापन पर संस्था सचिव राजकिशन गौर द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

प्रसादी वितरित

ग्वालियर। जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर गौरव राष्ट्रसंत आचार्यश्री पुलक सागर जी गुरुदेव के आशीर्वाद से अखिल भारतीय पुलक जन चेतना मंच शाखा युवा प्रकोष्ठ दाना ओली ने आज शुक्रवार को जयरोग्य हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी वार्ड के अटेंडर को पुलक प्रसादी भोजन वितरण किया गया। बढ़ाते कदम मानव सेवा की ओर के अतंर्गत पुलक प्रसादी वितरित सुरेश चंद्र जैन गणेश जैन और नीरज जैन परिवार से की गई।

जल सेवा प्रारंभ

शाजापुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पायोनियर पब्लिक स्कूल द्वारा बेरछा रोड़ पर जल मंदिर स्वरूप सार्वजनिक पेयजल सेवा प्रारंभ की गई। इस दौरान बतौर अतिथि जिला वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) मयंक चांदीवाल, पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील नाहर, सकल जैन समाज अध्यक्ष सपन जैन तथा विद्यालय संचालक मंगल नाहर द्वारा फीता काटकर एवं जल पात्रों की पूजा-अर्चना करते हुए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया।

विद्यालय प्राचार्य विमल जैन ने बताया कि 21 अप्रेल को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्रीष्म ऋतु के बड़ते प्रभाव को देखते हुए जल सेवा स्वरूप विद्यालय परिसर के बाहर शाजापुर-बैरछा मुख्य मार्ग पर जल मंदिर (प्याऊ) प्रारंभ किया गया है।

नामांकन सभा की तैयारियां

सच संवाददाता || शाजापुर

आगामी 13 मई को चतुर्थ चरण में देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र में मतदान होगा। इसके लिए नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। भाजपा की ओर से सांसद रह चुके महेंद्रसिंह सोलंकी एक बार फिर मैदान में है जो 22 अप्रैल को शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी को जमा करेंगे। जिनके साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी, लोकसभा संयोजक, प्रभारी भी शामिल होंगे।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी महेंद्रसिंह सोलंकी 22 अप्रैल को अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर को जमा करेंगे। इसके पहले बस स्टैंड पर सभा का आयोजन होगा। जिसमें भाजपा के सभी पदाधिकारी, सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। सभा के पश्चात् भाजपा प्रत्याशी महेंद्रसिंह सोलंकी अपना नामांकन जमा करने जाएंगें। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। संभवतया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी शामिल होंगे। इसके अलावा नामांकन जमा करने के दौरान केबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार, केबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, लोकसभा प्रभारी जगदीश अग्रवाल, लोकसभा संयोजक बहादुरसिंह मुकाति, आठों विधानसभा के विधायक, जिलाध्यक्ष अशोक नायक भी शामिल होंगे।

युवक का शव मिला

शिवपुरी। कोतवाली थानांतर्गत आने वाले क्षेत्र कमलागंज में सब्जी मंडी के पीछे शुक्रवार की अलसुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था संभावना है कि नशे के ओवरडोज के कारण युवक की मृत्यु हो गई हो। हालांकि पुलिस ने शव को मोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने मृतक की पहचान 30 साल के सुरेश माहौर पुत्र माखनलाल माहौर के रूप में की है। मृतक कमलागंज घोसीपुरा के कोलियों के मंदिर के पास का रहने वाला है। सुरेश माहौर नशे का आदी बताया गया है। नशे के शौक के चलते सुरेश की शादी भी नहीं हुई थी।

बारिश ने दी तपन से राहत

सच संवाददाता || शाजापुर

धूप की तेजी से झुलस रहे शहरवासियों के लिए शुक्रवार का दिन राहत भरा रहा और इस दिन शहर में इरान और पाकिस्तान में हुई बारिश का कुछ असर नगर में भी देखने को मिला जहां हल्की बूंदाबांदी व ठंडी हवाओं के कारण 40 डिग्री तापमान कुछ कम हुआ। वहीं शुक्रवार देर शाम को भी मौसम विभाग ने हल्की बारिश की संभावना जताई है।

इसके पूर्व पिछले तीन दिनों से तापमान 40 डिग्री तक आकर टिका हुआ था। तो ठंडी हवाएं भी गायब हो चुकी थी। जिसके कारण लोगों को सुबह से शाम तक गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ रहा था। मौसम विभाग द्वारा भी तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना जताई गई थी। लेकिन इरान और पाकिस्तान में हुई भारी बारिश का असर शहर के मौसम में भी देखने को मिला और पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव हुआ और अलसुबह आधे शहर में तेज बारिश तो आधे शहर में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद आसमान पर बादलों की आवाजाही से मौसम सुहावना बना रहा जिसने लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की।

कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा पर लगाया विकास की अनदेखी का आरोप

सच संवाददाता || शिवपुरी

गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र मूल रूप से विकास के नाम पर शून्यता है, यहां खेतों में पानी नहीं है, सड़कों में गड्ढे है और किसानो पर बिजली के बिलो के नाम पर मामले दर्ज किया जा रह है वहीं बात हो रही है शिवपुरी में हवाई जहाज की, तो यहां हवाई जहाज नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार की आवश्यकता है, शिवपुरी-गुना और अशोकनगर के युवा राजस्थान और गुजरात में जाकर रोजगार कर रहे है यहां का युवा पलायन कर रहा है, ऐसे कितने प्रतिशत लोग है जो शिवपुरी से हवाई जहाज से उड़ेगें। यह बात कही गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार यादवेन्द्र सिंह यादव जो जिला मुख्यालय पर आयोजत नामांकन रैली के दौरान मीडिया से चर्चा कर रहे थे। कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र यादव ने मीडिया से चर्चा में अपने खिलाफ गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हवाई जहाज की यात्रा को लेकर तंज कसा।

ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग, लाखों का नुकसान

सच संवाददाता || आष्टा

शहर के नए बस स्टैंड स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में बीती रात्रि अचानक आग लग गई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जानकारी लगते ही स्थानीय नागरिक और दुकानदार पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

जानकारी के अनुसार पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर बस स्टैंड के पास गायत्री मंदिर के सामने पाकीजा ऑटो पार्ट्स में रात्रि में 12 बजे के लगभग अचानक आग लग गई ऑटो पार्ट्स की दुकान में ऑयल भरा हुआ था। इसलिए अचानक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग लगने की जानकारी लगते ही स्थानीय नागरिकों ने दुकानदार को सूचना दी और फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। ऑटो पार्ट्स संचालक फरहान भाई ने बताया कि आग में ऑटो पार्ट्स का सामान, ऑयल जो की लाखों रुपए का था का नुकसान हुआ है आग लगने का कारण अज्ञात बताया गया है।

ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग कैसे लगी यह तो अभी ज्ञात नहीं हुआ जांच के बाद ही मालूम पड़ेगा कि आग कैसे लगी लेकिन आग लगते ही स्थानीय नागरिकों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और तुरंत आग बुझाई।

समाजसेवी व व्यवसायी पर जानलेवा हमला

अशोकनगर। शहर में भू माफिया इस कदर हाबी हो चुके हैं कि भाजपा के वरिष्ठ नेता शहर के बाईपास रोड पर स्थित गरीमा पेट्रोल पंप के पास अपने फार्म हाउस से लौट रहे 70 वर्षीय अमरजीत छाबड़ा पर तीन अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया है जिससे उनको गंभीर चोटे आई है। घटना शाम 7.30 बजे कि हैं जब वह अपने फार्म हाउस से टू व्हीलर से लौट रहे थे गरिमा पेट्रोल पंप के पास गुजर रहे थे तो ठीक उसी समय हमलावर उन पर टूट पड़े हमलावर लगातार डंडों व लोहे की रॉड से उनकी मारपीट करते रहे तभी वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने वीडियो भी बना लिया, घायल अमर जीत छाबड़ा के परिजनों को घटना की सूचना देकर जिला अस्पताल भेजा गया अमरजीत छाबड़ा को बेहद गंभीर चोटे आई हैं उनको हाथ वा पैर में फैक्चर हो गया है कोतवाली पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई है, वहीं मार पीट की घटना का कुल 4 सैकेंड का वीडियो वायरल हुआ हैं।

वन उपज समिति की दुकान से राशन गायब

शिवपुरी। जिले के पिछोर में वन उपज समिति मनपुरा की शासकीय उचित मूल्य दुकान पाली से 14 लाख से ज्यादा का राशन गायब हो गया। दुकान के सेल्समैन सहित समिति प्रबंधक व पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करा दिया है। जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी 22 सितंबर 2023 को ग्राम पंचायत पाली भ्रमण के दौरान पहुंचे। ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान पाली से राशन न मिलने की शिकाय तकी। पिछोर एसडीएम जेपी गुप्ता ने पिछोर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जगदीप सिंह लोधी को जांच के आदेश दिए।

शांतिपूर्ण मतदान पर जताया आभार

सच संवाददाता || शहडोल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 19 अप्रैल को शहडोल जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में शान्ति पूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दिवस पर मतदाताओं ने प्रजातंत्र के महायज्ञ में उत्साह पूर्वक मतदान किया मतदान दिवस पर युवाओं महिलाओं ,बुजुर्ग एवं वरिष्ठ मतदाताओं एवं मीडिया कर्मियों ने उत्साह पूर्वक मतदान किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भी देखी गई, मतदान केन्द्रों में उत्साह का वातावरण था, मतदान केन्द्रों पर निशक्त मतदाताओं, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल जिले में लगभग 66.84 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के जयसिंहनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत बंधवाबाडा के मतदान केन्द्र कमांक 277 चंदनिया खुर्द के मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान कर इतिहास रचकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। मतदान केन्द्र क्रमांक 277 में 337 मतदाता थे।

अपहृत युवती बरामद

शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी अनुभाग कोलारस विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। बीते रोज 18 अप्रैल को फरियादी उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम टोकनी ने थाना रन्नौद पर रिपोर्ट किया कि उसकी लडकी उम्र 17 वर्ष की घर से बिना बताये कदवाया मेला देखने गई थी जो कदवाया मेला से कहीं चली गई है। उक्त रिपोर्ट परवरिष्ट अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपहृता को 12 घंटे के अंदर अमोला से दस्तयाब किया गया है।

कंट्रोल रूम में फोन रिसीव न करने पर कई कर्मचारियों को नोटिस

सच संवाददाता || पिछोर

शिवपुरी लोकसभा निर्वाचन 2024 पिछोर विधानसभा क्षेत्र 26 के कंट्रोल रूम में लगे हुए छह कर्मचारियों को फोन रिसीव न करने तथा अनुपस्थित मिलने पर सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी जेपी गुप्ता द्वारा नोटिस जारी किए गए।

जानकारी देते हुए एसडीएम गुप्ता ने बताया कि 19 अप्रैल को कंट्रोल रूम पर निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए कॉल किया गया जिस पर कंट्रोल रूम पर लगे हुये कर्मचारियों द्वारा किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। जिस पर निरीक्षण के दौरान भी सभी अनुपस्थित पाए गए। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता बरतने पर तथा शासन के विपरीत है।

मध्यप्रदेश सिविल सेवा 1955 के नियम तीन के तहत उक्त कदाचरण के लिए इन सभी के विरूद्ध मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तुत की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने सभी कंट्रोल रूम में लगे हुए कर्मचारियों से तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने नोटिस जारी किए गए तथा जवाब समाधान कारक प्राप्त न होने पर इन सभी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व इन सभी का रहेगा। जिनमे महेंद्र सिंह चौहान ,बलराम शर्मा, मुकेश कुमार लोधी, पुष्पेंद्र यादव, सुनील पाल, विजय पटसरिया इन सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना संख्या उप मुअभि.-नि.-III भो-06-07-2024 दिनांक 15.04.2024

उप मुख्य अभियंता-III/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं: **क्र.सं.-1- निविदा सं.:-** उप मुअभि.-नि.-III-भो.-06-2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** रामगंजमंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में मध्य प्रदेश राज्य में किमी 170 से किमी 202 के बीच एमबीसी स्लीपरों पर नई बीजी लाइन बिछाना और जोड़ना, रलीपरों और अन्य पी.वे सामग्री का परिवहन और विविध कार्य का करना, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** 1572.86 लाख, **बयाना राशि रूपयेः** ₹ 9,36,400.00, **निविदा खुलने की तिथिः** 08.05.2024, **कार्य समापन अवधि (माह),** 18 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित, **क्र.सं.-2- निविदा सं.:-** उप मुअभि.-नि.-III-भो.-07-2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** रामगंज मंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में मध्य प्रदेश राज्य में बियावरा राजगढ़ किमी 164 से किमी 228 के बीच फ्लैश बट वेल्डिंग कार्य का करना, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** 154.03 लाख, **बयाना राशि रूपयेः** ₹ 2,27,000.00, **निविदा खुलने की तिथिः** 08.05.2024, **कार्य समापन अवधि (माह),** 18 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित। **नोटः** ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/हबीबगंज /भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदा कार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

उपमुख्य अभियंता-III/निर्माण
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

श्रद्धालुओं ने की जिनेंद्र महाअर्चना

सच संवाददाता || ग्वालियर

धर्म-आराधना करने वाले तो निरंतर आराधना करते ही है। कोई विशेष प्रसंग हो तो आराधना विशेष होती है तथा जहां साधु-साध्वी का सानिध्य मिलता है, वहां आराधना और विशेष हो जाती है। जैसी आराधना होगी, वैसा फल मिलता है। आराधना स्वयं के लिए होती हैं। आराधना थोड़ी-थोड़ी करके साधना पूरी होती है। सभी दुखों से मुक्ति चाहिए तो प्रभु आराधना करना होगी, तभी मोक्ष प्राप्त होगा। मोक्ष अर्थात सभी दुखों से मुक्ति। यह विचार राष्ट्रसंत आचार्यश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज शुक्रवार को महावीर जंयती महोत्सव समिति, वृहत्तर ग्वालियर की ओर से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में भगवान जिनेंद्र महाअर्चना में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच पर मुनि श्री विजयेश सागर, मुनि श्री विश्वहर सागर और मुनि श्री अनंग सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि संसार में जीव दुखी क्यों है? इसके बहुत सारे कारण है। प्रमुख कारण पूर्व भव के अशुभ कर्म का उदय, दूसरा कारण है जीव की स्वयं की सोच। इस भव में आराधना का समय मिला वो पूर्व भव की साधना, आराधना का फल है। इस मिली हुई पुण्यवानी को हम बर्?ाते हैं या घटाते हैं, यह स्वयं को सोचना है। यहां धर्म किया तो इस भव में भी सुखी अगले भव में भी सुखी बनेंगे।

महावीर जयंती पर कल निकलेगी रथ यात्रा

सच संवाददाता || ग्वालियर

महावीर जंयती महोत्सव समिति एवं अखिल जैन समाज वृहत्त के तत्वाधान में 21 अप्रैल रविवार को जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर आचार्य श्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में दौलत गंज स्थित जैन मंदिर से देव, शास्त्र, गुरू की विशाल रथयात्रा निकाली जायेगी।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि 21 अप्रैल को प्रात- 6ः30 बजे से महावीर जयंती पर भगवन महावीर स्वामी की विशाल रथयात्रा दोलतगंज से शुरू होकर फ़ालका बाजार, राममन्दिर, गस्त का ताजिया डीडवाना ओली, सराफा बाजार, महाराज बाड़ा, माधवगंज, मोर बाजार, दाना ओली से नई सडक स्थित चंपाबाग बगीची पहुचेगी। शोभायात्रा का जगह जगह जैन समाज के लोगा मंच बनाकर स्वागत गेट लगाकर आचार्य श्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ एवं रथ मे विराजमान भगवान महावीर स्वामी की भव्य आरती उतारेगे। रथयात्रा में जैन समाज अलग अलग शाखाओ की महिलाओ के द्वारा डाडिया नृत्य एव झांकिया, बैंड, घोड़े होगे। कार्यकाम स्थल चंपाबगा बगीची में भगवान महावीर स्वामी के कालशाभिषेक के उपरांत आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होगे। 21 अप्रैल को शाम 6ः30 बजे से नई सड़क चंपाबाग बगीची में समन्वयक दिगंबर जैन युवा जागरण मंच की और से भगवान महावीर का पालन के साथ भजन गायक आस्था जैन टीकमगढ़ के द्वार भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यड्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

श्री दिगंबर लाला गोकुलचंद जैन जैसवाल पंचायती मंदिर उपनगर लोहा मंडी ग्वालियर की ओर से 21 अप्रैल रविवार को सुबह 7 बाजे से श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर गाजेबाजे के साथ पालकी में भगवान महावीर स्वामी के कालशाभिषेक के उपरांत आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होगे। 21 अप्रैल को शाम 6ः30 बजे से नई सड़क चंपाबाग बगीची में समन्वयक दिगंबर जैन युवा जागरण मंच की और से भगवान महावीर का पालन के साथ भजन गायक आस्था जैन टीकमगढ़ के द्वार भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यड्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

श्री दिगंबर लाला गोकुलचंद जैन जैसवाल पंचायती मंदिर उपनगर लोहा मंडी ग्वालियर की ओर से 21 अप्रैल रविवार को सुबह 7 बाजे से श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर गाजेबाजे के साथ पालकी में भगवान महावीर स्वामी के कालशाभिषेक के उपरांत आचार्य श्री के मंगल प्रवचन होगे। 21 अप्रैल को शाम 6ः30 बजे से नई

बलिदान दिवस पर अर्पित की पुष्पांजलि

सच संवाददाता || शिवपुरी

समाजसेवा के साथ-साथ देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृतियों को भी समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा संजोया जाता है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित तात्याटोपे समाधि स्थल पर पहुंचकर संस्था पदाधिकारी अध्यक्ष एड. शैलेन्द्र समाधिया, सचिव पुनीत जैन के साथ मिलकर संस्था के अन्य सदस्यों ने तात्याटोपे की समाधि पर नमन किया और अपने श्रद्धासुमन पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने तात्याटोपे के बलिदान दिवस पर अपने विचार भी व्यक्त किए। इस दौरान भारत विकास परिषद् शाखा शिवपुरी द्वारा वीर तात्या टोपे बलिदान दिवस के अवसर पर तात्याटोपे प्रतिमा पर पुष्प सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि संस्था के द्वारा दी गई। इस अवसर पर संस्था एड.शैलेन्द्र समधिया, सचिव पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष सुकेश मित्तल आदि मौजूद थे।

प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विपिन शर्मा, राजेन्द्र गुप्ता, तरुण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सतीश शर्मा, संजीव जैन, प्रगीत खेमरिया, राजकुमार विंदल, विपिन जैन, मनीष गोयल, मनोज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम समापन पर संस्था सचिव पुनीत जैन के द्वारा सभी संस्था सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त कियागया।